हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 27 जून 2025

04 ताप्ती जल प्रवाह क्षेत्र में अतिक्रमण के मामले को ...



07 प्रशिक्षकों ने कहा-शासन अपना कार्य कर रहा ...






## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक हुई 933.3 मिमी वर्षा

**नर्मदापुरम।** 26 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 933.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 618.4 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 26 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 1.3 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 9.0 मिलीमीटर, इटारसी में 0.0 मिलीमीटर, माखननगर में 0.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 0.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 0.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 1.8 एवं तहसील डोलरिया में 3.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

### केन्द्रीय जेल में हुआ मानसिक स्वास्थ्य शिविर

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेशानुसार प्रतिमाह के द्वितीय सप्ताह में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। अधीक्षक केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम ने बताया कि गुरूवार 26 जून 2025 को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड 'अ' में निरूद्ध बंदियों हेतु जिला चिकित्सालय में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

### किसान संघ ने खाद की किल्लत को समाप्त करने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# डीएपी उर्वरक का अवैध परिवहन करने पर व्यापारी के विरुद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गत दिवस पिपरिया विकासखण्ड के ग्राम सेमरीरंधीर के पास डी.ए.पी. उर्वरक से भरा ट्रक पलटने की घटना हुई, जिसकी जांच उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड-पिपरिया द्वारा करने पर पाया गया कि यह उर्वरक डी.ए.पी. से भरा दुर्घटना ग्रस्त ट्रक क्र. एम.पी.-47 जेड.बी.1931 जयप्रकाश नारायण राठी मे. एग्रो सर्विस सेंटर हरदा द्वारा हरदा रैक प्वाईंट से 590 बोरी भरकर रामदास ट्रेडर्स करकबेल, जिला-नरसिंहपुर जा रहा था, तत्काल उर्वरक को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया। मामले की विस्तृत जांच के दौरान उर्वरक निरीक्षक पिपरिया द्वारा इस डी.ए.पी. से भरे हुए दुर्घटनाग्रस्त ट्रक की जानकारी उपसंचालक कृषि जिला-नर्मदापुरम को दी गई।

उर्वरक डीएपी. उर्वरक का अवैध परिवहन करते हुए पिपरिया में पलटे ट्रक को लेकर उर्वरक व्यापारी के विरूद्व एफ.आई.आर. दर्ज की गई।



#### खाद व्यापारी पर हुई एफआईआर

उप संचालक कृषि नर्मदापुरम एवं प्रभारी संयुक्त संचालक कृषि द्वारा तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच दल का गठन कर एग्रो सर्विस सेंटर हरदा के प्रतिष्ठान एवं भण्डारण स्थल पर भण्डारित उर्वरक एवं अभिलेखो की जांच कराई गई। जांच दल द्वारा यह पाया गया कि जिला हरदा के किसानो के लिए आवंटित डी.ए.पी. उर्वरक को एग्रो सर्विस सेंटर हरदा के प्रोपराईटर जयप्रकाश नारायण राठी द्वारा हरदा जिले के अलावा अन्य जिलें देवास, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम में अवैध परिवहन कराया गया है। एग्रो सर्विस सेंटर हरदा के प्रोपराईटरजयप्रकाश नारायण राठी द्वारा जिला-हरदा की राजस्व सीमा के बाहर उर्वरक का अवैध परिवहन करने पर, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3 के अंतर्गत बनाये गये उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं उर्वरक संचलन नियंत्रण आदेश 1973 का उल्लंघन करना पाये जाने पर पुलिस थाना कोतवाली हरदा में पुलिस प्राथमिकी दर्ज की गई है।

#### किसान संघ ने की व्यवस्था की मांग



जिले में खाद की किल्लत को लेकर किसान संघ ने शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि खाद वितरण केंद्र एक है जिस पर एक ही मशीन काम कर रही है। जबकि माखन नगर में 108 गांव के किसान खाद लेने आते हैं जिनको भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।खाद गोदाम पर बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। बारिश के समय में अचानक बारिश होने से किसान भीग जाते हैं करीब 1 किलोमीटर तक बारिश से बचने की कोई जगह उपलब्ध नहीं है जिसमें आकाशीय बिजली गिरने से भी कोई दुर्घटना हो सकती है। खाद गोदाम पर 40 से 50 किसानों को ही मात्रा खाद्य वितरण किया जाता है। जिससे अतिरिक्त आय किसानों को सारा दिन बैठकर वापस जाना पड़ता है और उनका नंबर दो या तीन दिन में आता है।राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने प्रशासन से व्यस्था की मांग की।

# नशे की हालत में बी फॉल झरने के पहाड़ पर चढ़ा युवक, गिरफ्तार

### दोस्तों ने रोका फिर भी नहीं माना युवक





हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन से चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है जिसमें पचमढ़ी के बी फॉल पर्वत पर एक युवक ने नशे की हालत में चढ़ाई कर दी। नशे की हालत में युवक ने 400 मी खड़े पर्वत पर चढ़ाई की यह आश्चर्य कर देने वाला मामला है कि जिस पहाड़ पर लोग सूखे मौसम में नहीं चढ़ पाते वहां इस युवक ने नशे की हालत में बारिश के इस मौसम में चढ़ाई की। मामला एकदम दिल दहलाने वाला था झरने के नीचे मौजूद सभी पर्यटक हैरान रह गए और जैसे ही युवक 400 मीटर पर्वत चढ़कर ऊपर पहुँचा वन विभाग ने तुरंत उसे हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले किया। युवक का नाम राज राजपूत, पिता जल्लाद सिंह राजपूत आयु 24 निवासी देवरी रायसेन था पुलिस ने युवक समझाइश दी है।

#### पर्यटक रह गए भोचक्के

जैसे ही नशे की हालत में युवक ने झरने पर चढ़ने की कोशिश की पहले तो सभी ने उसे चिल्ला कर रोका लेकिन देखते ही देखते युवक ऊपर चढ़ता गया और 400 मीटर खड़ी चढ़ाई पार कर ली। सभी पर्यटक जो झरने के नीचे थे पूरी तरह डरे हुए थे। एक पर्यटक ने बताया कि जैसे ही युवक ने ऊपर चढ़ने की शुरुआत की सभी ने चिल्लाकर उसे रोका लेकिन वह नहीं माना हम सब डरे हुए थे क्योंकि अगर वह इस पर्वत से जरा भी फिसलता तो उसका बच पाना नामुमकिन था। संजीव शर्मा एडिशनल डायरेक्टर वन विभाग पचमढ़ी ने कहा कि एक युवक की नशे की हालत में बी फ़ाल झरने के पहाड़ पर चढ़ने की घटना सामने आई है वन विभाग में तुरंत मौके पर पहुंचकर उस युवक को हिरासत में लिया और पुलिस के हवाले किया है। इस संबंध में संज्ञान लेकर सुरक्षा बढ़ाई है।

# सोपास के द्वारा किया गया सम्मान समारोह का आयोजन शिक्षा मंत्री सिंह ने प्रतिभाशाली बच्चों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोपास द्वारा एनएमव्ही कॉलेज के ऑडीटोरियम में आयोजित विद्यारत्न सम्मान समारोह में नर्मदापुरम जिले के समस्त् हाई स्कूल व हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रतिभाशाली विद्धार्थियों को सम्मानित करते हुऐ शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि निजी और शासकीय दोनों विद्यालयों को मिलकर प्रदेश की शिक्षा की गुणवत्ता को चरम तक पहुंचना है।

कार्यक्रम में जिले के टॉप विद्यार्थियों के ऊपर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत और सम्मान किया गया कार्यक्रम में विधायक डॉ सीताशरण शर्मा ने अपनी मेहनत को सार्थक बनाते हुऐ कक्षा व




स्कूल में अव्वल आने वाले बच्चों को सुनहरे भविष्य की शुभकामनायें दी। सोपास संगठन के जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत ने बताया जिले के राज्य की सूची में आने वाले तीन विद्यार्थी और एमपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड के टॉपर 10 विद्यार्थी है इसके अतिरिक्त सभी जिले के टॉप विद्यार्थियों का लगभग 1000 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया इस प्रतिभा सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भी बच्चों की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन रोहित गौर ने किया कार्यक्रम में संस्थापक सुभाष दीपक सिंह राजपूत ने वर्तमान में शिक्षा मंत्री द्वारा जो परिवर्तन किए हैं उसकी सराहना की। स्वागत सोप्स की जिला महिला प्रकोष्ठ की संचालिकाओं ने गणेश पूजन तिलक के साथ किया। प्रदेशाध्यक्ष आशीष चटर्जी महासचिव प्रवीण पानी का डॉ हरगोविंद शुक्ला मोहनलाल गौर मुकेश सोना कमलेश कुशवाहा तेजराम गौर तथा संचालक पदाधिकारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आभार ब्लॉक अध्यक्ष रिजवान हैदर ने किया।

# बेहतर वित्तीय प्रबंधन से भविष्य भी संवारा जा सकता है: विजय पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वित्तीय साक्षरता केवल पैसों का प्रबंधन नहीं, बल्कि यह व्यक्ति को भविष्य से जुड़े प्रभावशाली निर्णय लेने की समझ और क्षमता प्रदान करती है। आज पैसा कमाने से ज्यादा उसका सही प्रबंधन आवश्यक है। यह बात जिला विधिक प्राधिकरण सचिव विजय कुमार पाठक ने बजाज बजाज फाइनेंस द्वारा नमन नर्मदा रिसोर्ट में आयोजित वित्तीय साक्षरता अभियान अंतर्गत 'अर्थ सूत्र संवाद' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही।

पाठक ने कई उदाहरण के माध्यम वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। रिजर्व बैंक लोकपाल के निर्देश पर बजाज फाइनेस द्वारा वित्तीय साक्षरता अभियान अंतर्गत आयोजित अर्थ सूत्र संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक प्राधिकरण सचिव विजय कुमार




पाठक,जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, एसडीओपी पराग सैनी, शिक्षाविद डॉ आशीष चटर्जी ने सरस्वती जी का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। स्वागत भाषण में बजाज फाइनेंस के कलस्टर मैनेजर अनिल चंद्रवंशी ने बताया कि वित्तीय साक्षरता का ये अभियान देश में नर्मदापुरम से शुरू किया जा रहा है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने कहा वित्त की मूलभूत समझ आमजन वित्तीय साक्षरता और प्रबंधन से देश की जीडीपी बढ़ाने में सहभागिता निभा सकता है। कार्यक्रम में शिक्षाविद डॉ आशीष चटर्जी ने कहा कि हमारे शास्त्र में भी अर्थ का महत्व है और अर्थ प्रबंधन उसका हिस्सा है। एसडीओपी पराग सैनी ने कहा कि तेजी से बदलते डिजिटल युग में वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद जरूरी है। इस अभियान के माध्यम से बजाज फाइनेंस का उद्देश्य लोगों को आम घोटालों और सावधानियों की जानकारी देना है।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं अभिनन्दन बजाज फाइनेस के अधिकारी दीपक साहू, पॉल ओमेम, लिजाय फिलिप,गणेश मेहरा ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र ठाकुर ने किया।

# भगवान जगन्नाथ के नवयोवन दर्शन आज नगर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देव पूर्णिमा पर महा स्नान के बाद अस्वस्थ हुए भगवान जगन्नाथ स्वस्थ हो चुके हैं। गुरुवार को भगवान ने अपने नेत्र खोले। उसके बाद बागवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। बाद में उन्होंने नवयोवन दर्शन दिए।

इस संबंध में ओडिशा से आए आचार्य रश्मि रंजन पाणी द्वारा भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का विशेष पूजन अर्चन कराया। पूजन मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर श्री जगन्नाथ जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष अजय रथ, समिति के विश्वजीत राय, प्रमोद शर्मा,



अमित माहेश्वरी, पुजारी सत्यम चौबे, राजेश मेहरा, धनराज साहू, राजाराम मीना आदि उपस्थित रहे। पूजन के बाद भगवान के दर्शन का लाभ भक्तों को मिला।

#### आज भगवान करेंगे नगर भ्रमण

शुरुवार 27 जून को भगवान की रथ यात्रा का आयोजन होगा। रथ यात्रा प्रातः 10 बजे राम समाधि स्थल से प्रारंभ होगी। यात्रा बस स्टैंड, सात रस्ता, हलवाई चौक, सराफा चौक, मोरछली चौक, इंदिरा चौक, गांधी चौक, नेहरू पार्क, पानी की टंकी, एनएमवी कॉलेज, आनंद नगर, मीनाक्षी चौक, माहिला थाना, जेल के सामने से कालिका नगर होते हुए गुंडीचा भवन स्वयंवरम गार्डन पहुंचेगी। समिति ने सभी भक्तों से रथ यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# खुलासा: हत्या के बाद पहचान छिपाने पटरी पर फेंका शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

दहेज की मांग और चरित्र पर संदेह के चलते एक पति ने अपनी 22वर्षीय पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद पहचान छिपाने ओर पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को पटरी पर ट्रेन से कटने फेक दिया।

मामले में रेलवे पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त की है। गुरुवार को पुलिस ने पत्रकार वार्ता में वारदात का खुलासा किया है।

# नपा की टीम ने सख्ती से हटाया अतिक्रमण दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका की टीम द्वारा वार्ड नंबर 06 में सुलभ काम्प्लेक्स के पास टप रखकर किए गए अतिक्रमण को आज हटा दिया गया है। साथ ही नगर के प्रमुख मार्गों पर फल सब्जी के ठेले रखकर व्यवसाय करने वालों भी सख्त हिदायत देते हुए उन्हें निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया।

अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर को व्यवस्थित करने तथा यातायात को सुगम बनाने के लिए लगातार



कार्रवाई की जा रही है। सड़क मार्ग से फल एवं सब्जी के ठेले वालों को हटाया जा रहा है। गुरूवार को वार्ड नंबर 06 सुलभ काम्प्लेक्स के सामने टप रखकर अतिक्रमण किया गया था। जिससे सुलभ काम्प्लेक्स में आने जाने में महिलाओं और आमनागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। आज उस अतिक्रमण को सख्ती से हटा दिया गया है। साथ ही हिदायत दी है कि दोबारा अतिक्रमण किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण हटाने पर स्थानीय वार्डवासियों ने नगरपालिका अध्यक्ष और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित नपा की टीम को धन्यवाद दिया।

# जनसुनवाई की शिकायत का शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपाालिका में होने वाली जनसुनवाई का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है। लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होने लगा है। लगातार तीसरे गुरूवार हुई जनसुनवाई में आई शिकायतों की सुनवाई आज नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा की गई। जनसुनवाई में आई शिकायतों का तत्काल निराकरण करा दिया गया। साथ ही नपाध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा सख्त निर्देश दिए गए है कि जनसुनवाई में जितनी भी शिकायतें आती हैं उनका त्वरित निराकरण करें।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि गुरूवार को नगरपालिका की जनसुनवाई में जल भराव की समस्या, नाली चोक की समस्या और स्ट्रीट लाइट खराब होने की शिकायतें आई थीं उनका तत्काल निराकरण कर दिया गया है।

### नर्मदा शिक्षा समिति की भूमि पर उठे विस प्रश्न को लेकर हुई प्रेसवार्ता

# पूर्व जिपं अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा ने सोहागपुर विधायक पर लगाया द्वेशपूर्ण अभियान चलाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

विगत दिनों नर्मदा शिक्षा समिति एवं सेठ नन्हेलाल घासीराम हायर सेकेण्ड्री स्कूल की भूमि के बारे में विधान सभा में प्रश्न पूछा गया। आश्चर्य इस बात का है बिलकुल ऐसा ही प्रश्न करीब 23 वर्ष पूर्व नर्मदापुरम के कांग्रेस विधायक द्वारा पूछा गया था। फर्क केवल इतना है कि अबकी बार सोहागपुर के भाजपा विधायक विजयपाल सिंह के द्वारा नर्मदापुरम की नर्मदा शिक्षा समिति एवं एसएनजी स्कूल के बारे में न जाने किस खुन्नस के कारण प्रश्न पूछा गया। उनके द्वारा पूछे गये प्रश्न के जबाब में शासन ने यह स्पष्ट कहा कि कहीं कोई अनियमितता एवं गड़बड़ी नहीं है। एसएसजी स्कूल



की भूमि स्कूल के ही पास है। अपितु नर्मदा शिक्षा समिति की भूमि पर एनएनजी स्कूल है। यह बात नर्मदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष पं. भवानी शंकर द्वारा गुरूवार को कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 में एनएसजी स्कूल और नर्मदा महाविद्यालय को अपने आधीन कर लिया था जिसके विरोध में हाईकोर्ट में केस दायर किया गया जो आज भी विचाराधीन है। नर्मदा शिक्षा समिति की जमीन को लेकर विधानसभा में प्रश्न उठाना अत्यंत अफसोस जनक है। जो लोग प्रश्न उठा रहे हैं वह लोग रेत चोरी, जुआं सट्टा, अवैध शराब में लिप्त हैं। जबकि विधायक विजयपाल एवं उनके परिवार से हमारे स्नेहिल संबंध है उनके द्वारा निहायत झूठा, गलत एवं तथ्यों से परे विधानसभा प्रश्न क्यों लगाया गया यह रहस्य ही है।

उन्होने कहा कि वैसे विजयपाल जी बहुत भले व्यक्ति है, उन्होंन अपने राजनैतिक जीवन में बहुत से अच्छे कार्य भी किये हैं। हम लोगों से उनके संबंध भी अच्छे रहें हैं। फिर भी किसीके बहकावे में आकर हमारे परिवार के विरूद्ध निरंतर द्वेशपूर्ण अभियान चला रहे हैं। ऐंसे झूठे मुकदमे लगाना, झूठी शिकायतें करना तथा विधानसभा में प्रश्न लगाना आदि शामिल हैं।

# एनएमवी कॉलेज में शिक्षा मंत्री श्रीराव ने किया पौधरोण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रतापसिंह के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधिगणों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, भाजपा हंस राय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित थे। सोपास द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के संपन्न होने के बाद नर्मदा महाविद्यालय परिसर में यह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल ने अस्पताल में तोड़ा दम

**बैतूल।** उज्जैन दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की टवेरा गाड़ी को 18 जून को देवास और उज्जैन के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में बैतूल बाजार निवासी दादाराव गायकवाड (50) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गुरुवार सुबह बैतूल जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस हादसे में उनके ससुर यशवंत राव शिंदे (70) की मौके पर ही मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक, 18 जून को यशवंत राव शिंदे, दामाद दादाराव और परिवार के सात लोग उज्जैन दर्शन के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में देवास-उज्जैन के बीच उनकी टवेरा को सामने से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी पलट गई। हादसे में यशवंत राव की मौके पर ही मौत हो गई थी। दादाराव समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। सभी को पहले उज्जैन अस्पताल ले जाया गया। दो की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया। इनमें से रवि आवठे को बाद में भोपाल रेफर किया गया। गंभीर रूप से घायल दादाराव को 26 जून की सुबह बैतूल जिला अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान गुरुवार सुबह करीब 10 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों से लिए सैंपल




**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों की जांच एवं नमूने लिए जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में 26 जून को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती मीना कुमरे द्वारा आठनेर तहसील नयन साख समिति मिल्क चिलिंग सेंटर, नव्या डेली नीड्स, दिव्यांशु रेस्टोरेंट, वैष्णवी भोजनालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों में उपयोग होने वाले खाद्य तेल खाद्य नमक, पनीर, माजा फ्रूटी ड्रिंक, नींबू मसाला ड्रिंक, कार्बोनेटेड बेवरेज चार्जड, तीन मिश्रित दूध के नमूने लिए गए। लिए गए सैंपल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं केली लैब भोपाल भेजे जाएंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्ण प्राशन आज

**बैतूल।** पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आज 27 जून को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी में स्वर्ण प्राशन होगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने सभी पालकों से कहा वे अपने बच्चों को अस्पताल लाकर स्वर्ण प्राशन के लाभ से उन्हें लाभान्वित करें। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और यह उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होता है।

### संदीप सोलंकी ने 39वीं बार किया रक्तदान

**बैतूल।** हमारा संकल्प होना चाहिए कि मैं और आप हम सभी एक दृढ़ संकल्प लें जब देश पुकारे, जब इंसानियत लहूलुहान हो, तो हम बिना झिझक अपने रक्त की बूँद-बूँद देने को तैयार रहें। हमारी ज़िम्मेदारी सिकल सेल से जूझते नन्हें मासूम, सडक़ दुर्घटना में घायल कोई पिता, या सीमा पर लहूलुहान पडा कोई जवान सभी को हमारी एक बूँद रक्त की ज़रूरत है। इसी उद्देश्य से गुरुवार सिकलसेल से पीडित मासूम के लिए एक संदेश पर संदीप सोलंकी उर्फ सेंडी ने 39 वी बार ओ पॉजिटिव रक्त का दान किया। वहीं नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में अपने 18 वे जन्मदिन पर श्रेया माकोड़े ने ओ पॉजिटिव रक्त का दान किया और कहा कि 18 साल के होते ही मतदान ओर रक्तदान दोनों में योगदान देश के लिए आवश्यक है।



## तहसील न्यायालय से 17 को मिले नोटिस, 10 ने प्रस्तुत किए जवाब

# ताप्ती जल प्रवाह क्षेत्र में अतिक्रमण के मामले को लेकर प्रशासन गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती जल मार्ग एवं प्रवाह क्षेत्र में अतिक्रमण एवं रिकॉर्ड हेराफेरी की शिकायत के बाद आरआई एवं पटवारी की सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार अलका इक्का ने 17 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किए है, जिसमें से 10 लोगों ने अपने जवाब तहसीलदार न्यायालय में प्रस्तुत कर दिए हैं। ताप्ती जलमार्गों पर अतिक्रमण एवं रिकॉर्ड में बदलाव की शिकायत नई बात नहीं है। किंतु प्रमाणित होने के बाद भी अनेक वर्षों से अतिक्रमण करने वालों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस बार ताप्ती से जुड़े मामले में प्रशासन गंभीर दिखाई दे रहा है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वर्तमान ताप्ती जल मार्ग क्षेत्र के 17 एवं स्टेशन रोड के10 अतिक्रमण मामलों का निराकरण क्या हो पता है। सूत्र बताते हैं कि ताप्ती से जुड़े अतिक्रमण को लेकर जिला कलेक्टर भी गंभीर है। इससे ताप्ती श्री क्षेत्र के अतिक्रमण मुक्त होने की संभावनाएं बढ़ जाती है। अतिक्रमण के नए 17 मामलों में भी जुलाई माह मे फैसला हो सकता है।

### इन लोगों को भेजे गए हैं कारण बताओं नोटिस

उषा वासुदेव, सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट सौरभ कुमार ,लक्ष्मण प्रसाद, किरण देवी लख्मीचंद ,कुसुमा देवी संतोष, आशा देवी पुरुषोत्तम, साधना मुरलीधर, संतोष कुमार सूरजमल, पुरुषोत्तम सूरजमल ,लक्ष्मी चंद सूरजमल, मुरलीधर मंगल प्रसाद, मोतीडास नानक दास, किशन दास नानक दास, हनुमान दास नानक दास, नानक दास लक्ष्मण दास आदि प्रमुख है।

### ताप्ती विकास प्राधिकरण समिति ने की थी शिकायत



उक्त अतिक्रमण मामले में ताप्ती विकास प्राधिकरण समिति ने जिला कलेक्टर और अनुभागीय अधिकारी मुलताई को पत्र लिखकर ताप्ती नदी के प्रवाह क्षेत्र में अतिक्रमण और रिकॉर्ड में हेरफेर का मुद्दा उठाया था। पत्र में कहा गया है कि मां ताप्ती नदी के उद्गम स्थल कुंड से निकलने वाली नदी का प्रवाह क्षेत्र अन्य व्यक्तियों के नाम पर चढ़ा दिया गया है और नदी का प्रवाह बाधित कर दिया गया है।नदी का प्रवाह बाधित होने से ताप्ती कुंड का पानी बारिश में कुंड के ऊपर से बहता है, जिससे प्राचीन मंदिरों और कुंडों में पानी भर जाता है, और ताप्ती जी के तालाब में दरारें आ गई हैं, जिससे जनहानि का खतरा है।

### 1954-55 के अधिकार अभिलेख मे दर्ज था ताप्ती का नाम

समिति ने अपने शिकायत में बताया है की 1954-55 के अधिकार अभिलेख में ताप्ती नदी के बटांकन का उल्लेख है, जिसमें 242/1, 242/2, और 242/3 खसरा नंबरों पर ताप्ती नदी का जिक्र है ।यह भी बताया गया है कि 1972-73 के अधिकार अभिलेख के अनुसार खसरा नंबर 240, 242/3 को 560 नंबर में दर्ज किया गया है, जिससे नदी के प्रवाह में बाधा आ रही है।

### इनका कहना है

शिकायत के बाद आरआई ,पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर 17 लोगों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं ।जिसमें से 10 लोगों ने अपना जवाब प्रस्तुत किया है । अतिक्रमण के संबंध में राजस्व अधिनियम की अपनी प्रक्रिया है जिसके तहत कार्रवाई हो रही है।

**-अलका इक्का,** तहसीलदार मुलताई

## 125 ग्रामों में पहुंचेंगे जल कलश

# कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई मां ताप्ती महिमा कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर ताप्ती तट पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली मां ताप्ती महिमा कथा का प्रारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। ताप्ती तट पर स्थित गायत्री मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा का प्रारंभ ताप्ती महिमा कथावाचक वैष्णवाचार्य डॉ विश्वामित्र शरण गोवर्धन मथुरा ने कलश पालकी पूजन से किया। इसके साथ ही सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के तत्वाधान में प्रतिवर्ष 125 ग्रामों में आयोजित होने वाले ताप्ती जन्मोत्सव का प्रारंभ राम मंदिर में कलश पूजन के साथ हुआ। मां ताप्ती महिमा कथा प्रचार समिति मुलतापी प्रमुख लोकेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ताप्ती महिमा कथा ताप्ती तट पर वैष्णवाचार्य डॉ विश्वामित्र शरण महाराज के मुखारविंद से 26 से अधिक वर्षों से गायत्री मंदिर परिसर में हो रही है इस कथा का उद्देश्य मां ताप्ती की महिमा को घर-घर तक पहुंचना है। आज गुरुवार से कलश यात्रा से प्रारंभ हुई यह ताप्ती कथा 1 जुलाई को समाप्त होगी और 2 जुलाई को सप्त ऋषि टापू पर यज्ञ एवं भंडारा प्रसादी के साथ इसका संपूर्ण समापन किया जाएगा।

### मेरा गांव, मेरा तीर्थ हर घर पहुंचेगा पवित्र ताप्ती जल

सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा साप्ताहिक ताप्ती जन्मोत्सव के तहत ताप्ती जल कलश की स्थापना की गई । यह कलश मुलताई क्षेत्र के 125 ग्रामों में पहुंचाए जाएंगे और प्रत्येक ग्राम में ताप्ती जल मंदिरों में पहुंचेगा जहां मंदिरों में अभिषेक एवं ध्वजारोहण भी किया जाएगा । ग्रामीण क्षेत्रों में भेजे जाने वाले ताप्ती कलशो का आज राम मंदिर में पूजन किया गया ।पूजन कार्य में वैष्णवाचार्य डॉक्टर विश्वामित्र नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर, भाजपा नेता नमन अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत शर्मा, राजेंद्र सिंह ठाकुर, पार्षद पिल्लू जैन आदि उपस्थित थे।

## सीईओ से की शिकायत

# कीचड़ भरे मार्ग से स्कूल जाने के लिए मजबूर हुए नौनिहाल



**बैतूल।** जनपद पंचायत क्षेत्र बैतूल के ग्राम मंडई खुर्द में बारिश के चलते स्कूल जाने वाला रास्ता कीचड़ और जलभराव से बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इस रास्ते से होकर स्कूली बच्चों और शिक्षकों को रोजाना गुजरना पड़ता है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है और बरसात ने रास्ते की हालत और भी दयनीय बना दी है। कीचड़ भरे इस मार्ग से नौनिहालों को स्कूल जाना किसी मुसीबत से कम नहीं है। कई बार गिरने की घटनाएं भी सामने आई हैं। इस गंभीर स्थिति को लेकर जनपद पंचायत सदस्य धन्नूलाल उइके ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में मांग की है कि ग्राम मंडई खुर्द के स्कूल मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि बच्चों की शिक्षा बाधित न हो और उन्हें सुरक्षित रास्ता मिल सके। जनपद सदस्य ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी ग्राम पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन आज दिनांक तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। अगर जल्द ही सडक़ की मरम्मत नहीं की गई तो बारिश के दिनों में बच्चों का स्कूल जाना और भी जोखिम भरा हो जाएगा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए और इस समस्या का स्थायी समाधान करे।

## ग्राम सर्रई में लगाई सेंध

# फिर हुई चोरी की वारदात, 3 क्विंटल गेहूं भी चुरा ले गए चोर



**मुलताई।** दुनावा के निकटतम ग्राम सर्रई के सुने मकान से गहने और नगदी की चोरी का मामला भी सुलझा ही नहीं था कि सर्रई में अनिल सूर्यवंशी के मकान के सामने बोर में रखे 3 क्विंटल गेहू बुधवार रात्रि को चोर चुरा कर ले गए और घर के ही सामने अनिल के दो और भाइयों के ट्रैक्टर खड़े थे उनमें से बैटरी भी निकाल कर ले जा रहे थे कि अचानक चोरों की आहट सुनाई दी तो उन चोरों ने बैटरी को कल्टीवेटर पर रखकर भाग गए ।ग्रामीणों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 28 द्व2 3219 उन्हें पांढुर्णा जिले की सीमा पर खड़ी दिखाई दी जो की पांढुर्णा जिले के पठारा निवासी चैतलाल की है । वही पांढुर्णा जिले के ग्राम नरसाला मे भी एक अज्ञात मोटरसाइकिल मिली। पांढुर्णा थाना अंतर्गत नांदनबाड़ी चौकी प्रभारी आशीष भिमटे ने बताया की नरसाला में बरामद हुई मोटरसाइकिल सौसर से चोरी हुई थी जिसकी सूचना सौसर थाने में थी मोटरसाइकिल को पांढुरना थाने में पहुंचा दिया गया है। चोरों ने सौसर से मोटरसाइकिल चुराकर अन्य चोरी को अंजाम देने के लिए पांढुर्णा जिले के ग्राम नरसाला आए थे जहां पेट्रोल खत्म होने पर उसे वहीं छोड़ दिया और नरसला के ही पास के ग्राम पठारा निवासी चैतलाल की मोटरसाइकिल को चुरा कर सर्रई की ओर आए जहां उसका भी पेट्रोल खत्म होने पर उसे रास्ते में ही छोड़ दिए और पांढुर्णा जिले के सीमा से लगे ग्राम सर्रई में चोरी को अंजाम दिया ।

## सतपुड़ा जलाशय के गेट खोलकर पानी किया मेंटेन

# बारिश से मौसम में घुली ठंडक, 26 डिग्री पर पहुंचा दिन का तापमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मानसून सक्रिय होने से जिले में झमाझम और रिमझिम बारिश का दौर जारी है। गुरूवार भी जिले के कई क्षेत्रों में सुबह से बारिश होते रही। जिससे तापमान में भी गिरावट आई है। दिन का तापमान 26 डिग्री के आसपास पहुंच गया है, वहीं रात का तापमान 22 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक इसी तरह बारिश का अनुमान जताया है।

बारिश से शहर के नदी-नालों में भी जलस्तर बढऩे लगा है। वहीं सारणी के सतपुड़ा जलाशय में पानी आने से पांच गेट खोलने पड़े। दरअसल जलस्तर ज्यादा होने की वजह से पानी मेंटेन करने डैम के गेटों को खोला गया है। अब एक गेट से 880 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इधर सुबह तक हुई बारिश के बाद घोड़ाडोंगरी क्षेत्र पट्टन को पीछे छोड़ दिया है। सबसे अधिक बारिश घोड़ाडोंगरी में 142 मिमी दर्ज की गई है। शाहपुर में 129 मिमी और पट्टन में 110 मिमी वर्षा हुई है। बैतूल शहर में पिछले 24 घंटों में मात्र 4.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। जिले में वार्षिक औसत वर्षा 1083.9 मिमी की तुलना में अब तक केवल 89.7 मिमी बारिश हुई है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 117 मिमी कम है। आगामी महीनों में करीब 1000 मिमी बारिश की आवश्यकता है।

### 1439.50 फुट पर पहुंचा जल स्तर

सतपुड़ा डैम का जलस्तर 1439.50 फुट पर पहुंच गया है। बांध का लेवल नियंत्रित करने के लिए पहले पांच गेट खोले गए थे। अब एक गेट से 880 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। डेम के पानी को मेंटेन करने के लिए गेट खोले गए हैं। आगे भी बारिश की जैसी भी स्थिति रहेगी उसी हिसाब से जल स्तर को मेंटेन किया जाएगा। भू अभिलेख कार्यालय से जारी बारिश की जानकारी के अनुसार जिले के बैतूल में 32.4 एमएम, घोड़ाडोंगरी 142.0, चिचोली 85.2, शाहपुर 129.0, मुलताई 92.6, प्रभात पट्टन 110.9, आमला 87.0, भैंसदेही 53.0, आठनेर 72.4, भीमपुर 96.0 बारिश हुई है। जिले की औसत बारिश 89.7 एमएम हुई है।

## निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता कराई गई संपन्न, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

# नशे की लत व्यक्ति को खत्म करके ही दम लेती है, छोड़ दें आदत

**बैतूल।** शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बैतूल के मार्गदर्शन में, नवोदित ग्रामोत्थान महिला एवं बाल विकास समिति एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सीएमसीएलडीपी के अंतर्गत संचालित बीएस डब्ल्यू, एमएस डब्ल्यू की कक्षा में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित की गई।




जिसमें,निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के साथ हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में प्रो.हेमंत निरापुरे, डॉ.अजय चौबे, प्रो.राकेश सिसोदिया, डॉ.यासमीन, प्रो.मगरदे आदि उपस्थित हुए। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा की लत व्यक्ति को खत्म करके ही दम लेती है। अंत में युवाओं को नशे से रहने का दिलाया गया। सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत नवापुर संस्था के प्रतिनिधि और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 1024 खेत तालाब पूरे

# तकनीक के इस्तेमाल से मनरेगा कार्यों में आई रफ्तार

### लक्ष्य से अधिक खेत तालाब निर्माण कार्य प्रगतिरत




**बैतूल।** जल संरक्षण को लेकर बैतूल जिले में चल रहे प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन के निर्देशानुसार जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में 1662 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिले में इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए इस बार मनरेगा योजना में तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया गया। पहले प्लानर सॉफ्टवेयर के माध्यम से ग्राम पंचायतवार कार्यों की योजना तैयार की गई। इसके बाद खेत तालाबों का चयन सीपरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। तकनीक की मदद से योजना इतनी कारगर साबित हुई कि जिले में लक्ष्य से अधिक 1722 खेत तालाब प्रगतिरत हैं, जबकि अब तक 1024 तालाबों का कार्य पूर्ण हो चुका है। एक खेत तालाब पर औसतन 1.47 लाख रुपये की लागत आती है तथा प्रत्येक तालाब में 1000 घनमीटर पानी रोका जा सकता है। इस प्रकार अब तक पूर्ण हो चुके 1024 तालाबों से जिले में लगभग 10 लाख 24 हजार घन मीटर पानी का संग्रहण संभव होगा, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी एवं जल स्तर में सुधार होगा। ग्रामीण यांत्रिकी एवं सेवा संभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जल संरक्षण के ये प्रयास जिले में लंबे समय तक लाभकारी साबित होंगे। तकनीक के समुचित इस्तेमाल से कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित हुई है। उन्होंने बताया कि जिले में शेष तालाबों का कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा।

## विधायक गंगा सज्जन सिंह उइके ने भजन मंडलियों को किया सम्मानित



**शाहपुर।** विधायक निवास भौंरा पर आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न भजन मंडलियों को ढोलक सहित साज सज्जा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नव ज्योति भजन मंडल रानीपुर, शिव महिला भजन मंडल आमढाना, खुशहाल भजन मंडल घोड़ाडोंगरी सहित कई अन्य भजन मंडलियों ने सम्मान प्राप्त किया। विधायक ने सभी भजन मंडलियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर भाजपा नेता इंदल यादव, राकेश अरोड़ा, घोड़ाडोंगरी पार्षद राकेश नानकर, अशोक चौरे, आभाष मिश्रा, जनपद सदस्य आमढाना फूलवंती धुर्वे सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भजन मंडलियों का सम्मान करना उनकी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के समान है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने विधायक के इस पहल की सराहना की।

## मां की याद में किया पौधरोपण, देखभाल का लिया संकल्प

# अतिथि शिक्षक ने विद्यालय में रोपे 50 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जब एक शिक्षक का हृदय मां के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता से भर जाता है, तब वह समाज के सामने एक नई मिसाल कायम करता है। प्रभात पट्टन विकासखंड के शासकीय एकीकृत विद्यालय गंगापुर में कार्यरत अतिथि शिक्षक लोकेश कवडक़र ने अपनी मां श्रीमती दीपा कवडक़र के 50वें जन्मदिवस को विशेष बनाने के लिए एक ऐसा कार्य किया, जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

अतिथि शिक्षक श्री कवडक़र ने विद्यालय परिसर में 50 पौधे रोपित किए और इस कार्य को और अधिक भावनात्मक बनाने के लिए विद्यालय के प्रत्येक छात्र से उनकी मां के नाम पर एक पौधा लगाने का आग्रह किया। देखते ही देखते यह पहल एक समारोह में बदल गया, जहां हर छात्र ने अपनी मां को याद करते हुए एक पौधा लगाया। इस अवसर पर शिक्षक लोकेश कवडक़र ने कहा कि मां और वृक्ष दोनों ही जीवनदाता हैं। मां हमारे जीवन को आकार देती है और वृक्ष हमें जीवन जीने का आधार देते हैं। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश अतकरे, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती लीला देशुमख, शिक्षका सुरेखा पाटिल, सुरेखा मगरदे, शाला अध्यक्ष वि_ल आवारे, कैलाश देशमुख एवं ग्रामवासियों ने इस अद्वितीय आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के मन में मां के प्रति आदर भाव और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का बीज बोएगी। शिक्षक कवडक़र की यह सोच निश्चित ही समाज में प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।



## कृषि मंडी में 6 माह से बंद सफाई कार्य




**पिपरिया।** प्रदेश में पिपरिया कृषि उपज मंडी टाप पर देखी जाती है। लगभग 6 माह पूर्व पिपरिया कृषि उपज मंडी में सफाई कर्मी को तैनातकरणे तथा सफाई काम के लिए टेंडर जारी किए गए थे। लगभग 6 माह बीत चुके हैं लेकिन अभी तक भिंड के ठेकेदार को कार्य सोपा गया है ठेकेदारके द्वारा लापरवाही करते हुए अभी तक सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। लेकिन शासन केदारा अभी तक इस विषय में कोई कार्यवाही नहीं की गई है सूत्रों से प्राप्तजानकारी के अनुसार सात लोगों केदारा ऑनलाइन टेंडर डाली गए थे। जिनमे पिपपरिया के ठेकेदार भी शामिल थे लेकिन भिंड के ठेकेदार को टेंडर स्वीकृतकरते हुए ठेका दिया गया है। जिसने मात्र 200000 में ठेकालिया है। 6 माह बीतचुकेहैं अभी तक सफाई का कार्य प्रारंभ नहीं किया गयातथालापरवाही बढ़नीज। रही है। इसमेंलेखापाल संजय कहार से जानकारी लेना चाहिए था तो वह ड्यूटी समय में कार्यालय में उपस्थित नहींमिले। कृषि उपज मंडी सचिव चंद्र शिवराम उइके ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है यदि वह समय सीमा में जवाब नहीं देते कर प्रारंभ नहीं करते हैं तो उनका टेंडर निरस्त करनेके लिए उच्च अधिकारियोंको पत्र लिखकर अवगत कराया जावेगा।

### जनपद सोहागपुर, सिवनी मालवा और माखननगर में आयोजित कराए गए जलदूत प्रशिक्षण कार्यक्रम

# प्रशिक्षकों ने कहा-शासन अपना कार्य कर रहा है किन्तु आमजन के सहयोग के बिना संभव नहीं जल संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सरकार के जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत 30 मार्च से 30 जून 2025 तक के कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए गत दिवस जपं सोहागपुर सभागार में जलदूत प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं से विविध मैदानी विषयों पर चर्चा की गई है।

प्रशिक्षण में स्वच्छता, सार्वजनिक प्याऊ, श्रमदान कार्यक्रम, जल संगोष्ठी, पक्षियों के लिए जल सकोरे लगाना, सोख्ता गड्ढा निर्माण, तालाब गहरीकरण, जलस्त्रोत स्वच्छता की शपथ ली गई व क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की गई। यह प्रशिक्षण मप्र जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति ने जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत जलदूतों के लिए किया। जिसमें 62 पंचायतों के सरपंच, सचिव व सहायक सचिव सहभागी हुए। इस दौरान भूमिगत जलस्तर बढ़ाने में जलदूतों की भूमिका तथा जल स्त्रोत संरक्षण व संवर्द्धन बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई।

### जल के संचय पर हुई चर्चा

प्रशिक्षण में चर्चा की गई कि वर्षा ऋतु में कैसे जल संचय हो। कुंओं, तालाबों और अन्य जगहों से बरसाती जल बहकर नालों व नदियों के माध्यम से समुद्र तक जा रहा है। इसे कैसे रोककर ग्रामों में भूमिगत किया जा सकता है। प्रशिक्षण में बताया गया कि कैसे रोके गए जल को गर्मी तक संचित रखकर जल की कमी दूर की जा सकती है। भूमिगत जल के अति दोहन से घटते जलस्तर पर चिंता व्यक्त की गई। जल अपव्यय के प्रभावों को गतिविधि माध्यम से समझाया गया। कार्यकर्ताओं को मप्र जन अभियान परिषद ब्लॉक कोआर्डिनेटर किशोर कड़ोले तथा गजेंद्र ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सहायक यंत्री सुनीता वर्मा, जपं सहायक विकासखंड अधिकारी जीएस मेहरा, उपयंत्री राहुल तिवारी, सचिन विश्वकर्मा, मंजू पवार, निशा चौरसिया, एमएसडब्ल्यू विद्यार्थी शुभम संकेत, हरिदास दिवाकर, मदन अहिरवार आदि ने सहभागिता की।




### सिवनी मालवा में भी हुआ जलदूतों का प्रशिक्षण



**सिवनी मालवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत जन भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु स्वैच्छिक वालेंटियर्स (जलदुतों) का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। सभी जलदुतों को जल संरक्षण करने, जल संरचनाओं के प्रकारों का विस्तार करने, सोख्ता गड्ढे का निर्माण करने, जल स्रोतों को साफ स्वच्छ बनाए रखने, शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने, श्रृंखलाबद्ध तरीके से वृक्षारोपण करने, जनहितैषी कार्यों में जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में एपीओ मनरेगा राकेश नागर, जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक हरिदास दायमा, आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक मेहराज अली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि शासन अपना कार्य कर रही हैं किन्तु जनता के सक्रिय सहयोग के बिना जलसंरक्षण एवं जलसंरचनाओं की स्वच्छता का कार्य संभव नहीं हैं। जनता को जल सरंक्षण के कार्य से जोड़ने में जलदुतों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आप सभी जनता के बीच से आकर स्वेच्छा से अभियान से जुड़े हैं। भविष्य में भी जलदुतों को अपनी भूमिका का निर्वाहन इस अभियान मे करना है। जन अभियान परिषद द्वारा सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए कार्यों के बारे में परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई, नर्मदा प्रसाद यदुवंशी, रघुवीर मालवीय ने विस्तार से बताकर जागरूक किया। नवांकुर समिति के सुनील सिंगोरिया, बीसएसडब्ल्यू के छात्र आदर्श सोनी ने भी संबोधित किया। इस दौरान मप्र जन अभियान परिषद के नवांकुर समितियों, प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि व सदस्य, परामर्शदाता, विद्यार्थी व आजीविका मिशन स्व सहायता समूहों के सदस्य, सक्रिय सीआरपी, सामाजिक संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के पश्चात कार्यशाला में शामिल सभी प्रतिभागियों को जलदूत वालेंटियर का प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

### माखननगर में भी हुआ कार्यक्रम, दिए प्रमाण पत्र



**माखननगर।** जल दूतों को प्रशिक्षण देकर प्रदान किए प्रमाण पत्र माखन नगर एक दिवसीय प्रशिक्षण जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र माखन नगर द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां तथा परामर्शदाता एमएसडब्ल्यू /बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थी उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए नवांकुर संस्था से अन्य प्रतिनिधि उपस्थित भी रहे है।

### पुनर्जीवित हो रहा फेफरताल तालाब



**नर्मदापुरम।** राज्य शासन द्वारा संचालित जलगंगा, संवर्धन, अभियान के अंतर्गत किए गए उन्नयन कार्यों का सकारात्मक प्रभाव अब जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होने लगा है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला इकाई की बैठक संपन्न, भजनों की दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ सोहागपुर की मासिक बैठक गत दिनों संपन्न हुई। बैठक आयोजन अमिता दुबे के निवास पर किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रम के विषय में चर्चा की गई।

बैठक में चर्चा की गई कि कैसे सामाजिक महिलाओं को संगठित किया जाए। वहीं बैठक दौरान महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं भीं आयोजित की गईं। जिनमें दीपिका दुबे, आशा दीक्षित और कुमारी भावना शर्मा ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किये। बैठक में तय किया गया कि महिलाओं को संगठित करने कुछ कार्यक्रम किये जाएं।

इस संदर्भ में कुमारी भावना शर्मा ने बताया कि विशेष बैठक शनिवार 28 जून को चंद्र विद्या इंटरनेशनल स्कूल सोहागपुर में होगी। जिसमें संगठन को मजबूती देने व विप्र नारी शक्ति को संगठित करने के लिए उपस्थित महिलाओं के विचार लिए जाएंगे। बैठक में संगठन की ओर से भविष्य में किए जाने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा करते हुए रूपरेखा तैयार की जाएगी। आगामी बैठक में भजनों की प्रस्तुति भी होगी।

## निजी स्कूलों में चस्पा नहीं की गई पाठ्यक्रम और शुल्क की जानकारी, पालक परेशान

### सोहागपुर बीआरसी ने दिए अधीनस्थों को जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के कई निजी स्कूलों में जारी शिक्षण सत्र के लिए कक्षाओं में उपयोग में लाई जाने वाली पाठ्य पुस्तकों का विवरण चस्पा नहीं किया गया है।

जिसे लेकर पालकों में नाराजगी है। पालकों ने प्रशासन से निजी स्कूलों की जांच की मांग की है। हरिभूमि से चर्चा में कुछ पालकों एवं अभिभावकों ने बताया कि नियमामनुसार सभी निजी स्कूलों को अपनी संस्था के सूचना पटल अर्थात नोटिस बोर्ड पर कक्षावार शुल्क तथा पाठ्य पुस्तकों की जानकारी चस्पा करनी चाहिए।

ताकि अभिभावकों को स्पष्ट संदेश मिल सके कि कौन सी पुस्तकें लेनी हैं तथा वर्षभर शुल्क व्यवस्था कैसी रहेगी।

लेकिन निजी स्कूलों की मनमानी एवं प्रशासन की खामोशी के चलते कई स्कूलों में शुल्क व पाठ्य पुस्तकों की सूची नहीं लगाई गई है।

जिसकी जानकारी देते हुए पालकों व अभिभावकों ने शासन तथा प्रशासन से अपेक्षा की है कि सभी स्कूलों की अनिवार्य रूप से जांच की जाए। एवं जहां शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं हो रहा है, वहां कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बीआरसी ने दिए अधीनस्थों को निर्देश

इधर हरिभूमि ने गुरुवार को मामले में बीआरसी राकेश रघुवंशी से चर्चा की। रघुवंशी ने बताया कि सभी स्कूलों को अपने नोटिस बोर्ड पर पाठ्य पुस्तक व शुल्क की जानकारी लिखित रूप से लगानी ही है। लेकिन कोई स्कूल प्रबंधन यदि इस नियम का पालन नहीं कर रहा है तो जांच कराई जाएगी एवं कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बीआरसी ने हरिभूमि से चर्चा दौरान ही उक्त संबंध में जांच करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए हैं।

**इनका कहना है**

मैंने बीएससी व जन शिक्षकों को निर्देश दिये हैं कि सभी निजी स्कूलों की जांच की जाए। यदि शासन के नियमों का पालन कोई प्रबंधन नहीं कर रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।"-

राकेश रघुवंशी,
बीआरसी, सोहागपुर।

## पचमढ़ी पहुंची गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

अखिल विश्व गायत्री परिवार की वंदनीय गुरु माताजी के जन्म के सौ वर्ष पूर्ण होने की पूर्वबेला में आज शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश हमारे नगर पचमढ़ी में पहुंचा एवं ज्योति कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकली गई जगह जगह ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया गया।

उसके पश्चात माँ गायत्री प्रज्ञा पीठ पचमढ़ी में सामूहिक दीप यज्ञ किया। ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से नगर में परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता जी का संदेश दिया गया। एवं आगामी वर्ष में होने वाले समारोह की जानकारी भी दी गई।

बताया गया कि हम सुधरेंगे युग सुधरेगा हम बदलेंगे युग बदलेगा एवं गुरु जी के साहित्य के द्वारा विचार क्रांति अभियान चलाया जा रहा है। ज्योति कलश का रथ शांतिकुंज हरिद्वार से परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त होशंगाबाद एवं पिपरिया गायत्री शक्तिपीठ के परिजनों द्वारा पचमढ़ी लाया गया। ज्योति कलश यात्रा में पचमढ़ी नगर के सभी गायत्री परिजनों ने अपनी सहभागिता दी।

## गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति ने डॉ बकुल लाड का किया स्वागत



**माखन नगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति* विकासखंड माखन नगर जिला नर्मदापुरम के अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड का स्वागत माखनलाल चतुर्वेदी कालेज में किया इस अवसर पर दरियाव सिंह टास्क मैनेजर, कौशलेष प्रताप तिवारी संभाग समन्वयक,पवन सहगल जिला समन्वयक, आदि उपस्थित रहे।

## कॅरियर सप्ताह के अंतर्गत कथक नृत्य कार्यशाला का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर गरुवार को सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माखन नगर में कैरियर सप्ताह के अंतर्गत कथक नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें में कथक गुरु पंडित जयकिशन महाराज की शिष्या कुमारी अपर्णा सराठे को आमंत्रित किया गया।

राष्ट्रीय स्तर की कथक नृत्यांगना कुमारी अपर्णा सराठे ने शास्त्रीय नृत्य क्षेत्र में उपलब्ध स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इन पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवश्यक अहर्ताएं एवं उपलब्ध रोजगार के अवसर पर विस्तृत चर्चा की। कुमारी अपर्णा सराठे ने शिव स्तुति पर कथक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी 1 आपने स्कूली छात्राओं को कथक की मुद्राएं, भाव और तीनताल पर पद संचालन के साथ ही सरस्वती वंदना पर भी नृत्य सिखाया। इसके पूर्व कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संस्था प्राचार्य के के दुबे ने अपर्णा सराठे का पुष्पमाला व श्रीफल देकर स्वागत किया।

कार्यशाला समापन पर वरिष्ठ शिक्षिका सपना गौर ने आभार व्यक्त किया। सम्पूर्ण कार्यशाला में स्कूली छात्राओं व समस्त शिक्षिकाओं ने पूर्ण उत्साह से सहभागिता की।

## अन्नदाताओं की समस्याओं को लेकर पलिया ने एसडीएम को सौंपा आवेदन, बोले- खाद के लिए घंटों परेशान किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



किसानों को वर्तमानमे धान की फसलको लेकर डीएपी एवं यूरिया खाद की अत्यंत आवश्यकता है। जिसके कारण किसान सुबह 4:00 से शाम 6:00 बजे तक डबल लाक में लाइन में लगी रहती हैं। उसके बादभी उन्हें पर्याप्त मात्रामे खाद उपलब्धनही हो रहा है। इस बात को लेकर किसान मजदूर संघ के दारा किसान नेता पंसतपाल पलिया के पास पहुंचे। किसानों ने बताया कि वर्तमान में खाद की बहुत आवश्यकता है लेकिन समय सीमा में न मिलने के कारण किसान परेशानह। रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पंडित सतपाल पलिया ने अनुविभागीय अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव से मुलाकात करते हुए किसान की समस्याओं केबारे में पत्रके माध्यम अधिकारी को अवगत करायाहै। उन्होंने अपने पत्र में लिखा विधानसभाक्षेत्र मैं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जावे। तथा उन्होंने पत्र के माध्यम से अधिकारीअवगत कराया कि पिबनखेड़ीसुहागपुर छिंदवाड़ा जिले तक के लोग पिपरिया में खादलेनेआते हैं। उन्होंने बताया कि 12000 टन की आवश्यकता है और शासन के द्वारा मात्र 3000 तन भेजा गया है उन्होंने पिपरियाविधानसभा एक और डबल लॉक खोलने की मांग की है। उन्होंने अवगत कराया कीकिसानों से एक बार दस्तावेज जमा करने केबाद उन पर ही खाद उपलब्ध कराया जावे।

बार-बार दसतावेज ना मांगे जावें। बरसात कोधयान में रखते हुएकिसान केव्यवस्थाकी जावे। उन्होंने पत्र केमाध्यम से किसानहित में करबिंदु लिखे है। जिस पर अनुविभागी अधिकारी अनीशा श्रीवास्तव ने बताया कि सतपालपलियाके द्वारा पत्र दिया गया है उनके बिंदुओं पर विचार किया जा रहा है तथा उच्च अधिकारियोंको अवगतकराया जा रहा है।

## विहिप ने आपातकाल को लेकर निकाला मशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक हरदीप सिंह नागपाल के नेतृत्व में विद्यार्थी परिषद युवा छात्र इकाई के द्वारा शहीद भगत सिंह कॉलेज से मंगलवार चौराहे तक विशाल मसाल जल उस निकल गया। नागपाल के द्वारा बताया गया कि आज के दिन 25 जून सन 1975 में कांग्रेस के राज में आपातकाल लगाया गया था जिसमें संविधान की हत्या कर दी गई थी।

संविधान डॉ भीमराव अंबेडकर के द्वारा तैयार किया गया था और वह आम जनता तथा देश के लिए बनाया गया था लेकिन कांग्रेस ने सन 1975 से लेकर 1977 तक संविधान की हत्या कर दी और इंदिरा गांधी के द्वारा आपातकाल लगाकर भारतीय जनता पार्टी के कुछ लोगों को जबरदस्ती जेल में डाल दिया गया था जिन्हें आज लगभग 50 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के पिपरिया नगर पालिका क्षेत्र में तीन लोकतंत्र सेनानी है जिनका आज भारतीय जनता पार्टी के द्वारा उनके निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया गया है। छात्र इकाई के द्वारा नारेबाजी भी की गई संविधान की हथियारों के खिलाफ जमकर नारे लगाए गए।

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भूखंड plot number 15/16 श्रीमति माया कठल पति श्री सुनील कठल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्रीमति विनिता अग्रवाल पति श्री सतीश अग्रवाल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहती हैं। भूखंड का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 सात दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

**आम सूचना**

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी से प्रियदर्शनीय नगर / इंदिरा कालोनी में भूखंड plot num- 21/22 श्रीमति माया कठल पति श्री सुनील कठल के नाम नगर पालिका अभिलेखों में दर्ज है, श्री अक्षत अग्रवाल पिता श्री सुनील अग्रवाल अपने नाम नामान्तरण कराना चाहता हैं। भूखंड का नामान्तरण होने में किसी को कोई आपत्ति है तो इश्तहार प्रकाशन सूचना से 15 सात दिवस के भीतर संपूर्ण रिकार्ड एवं प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय नगर पालिका परिषद इटारसी के समक्ष में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। यदि पन्द्रह दिवस के भीतर किसी की कोई आपत्ति दर्ज नहीं होती है तो तत्पश्चात किसी की किसी भी तरह की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद इटारसी**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)**

क्रमांक 2071/रा.न.पा./25 — सिवनी मालवा दिनांक 25/06/25

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगरपालिका परिषद सिवनी मालवा के स्वामित्व की निर्मित / निर्माणाधीन दुकानों को 30 वर्षों के लिये अंचल संपत्ति के अंतरण नियम (राईट ऑफ आक्यूपेशन अधिपत्य) 2016 (संशोधन दिनांक 28.03.2023 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित मासिक किराया एवं प्रीमियम राशि के आधार पर उपयोग का अधिकार दिये जाने हेतु निकाय द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत ई-निविदा के अंतर्गत https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा देखी जा सकती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | टेंडर क्रमांक | स्थल का नाम संपत्ति का विवरण | संपत्ति का विवरण दुकान क्रमांक एवं Size | आरक्षित मूल्य / प्रतिभूति निक्षेप राशि 2.5 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य 2000/- / आरक्षण वर्ग की स्थिति | वार्षिक भू / भाटक किराया |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2- 2025_UAD_433085_1<br>4- 2025_UAD_433095_1<br>5- 2025_UAD_433108_1<br>6- 2025_UAD_433116_1<br>7- 2025_UAD_433123_1 | वार्ड क्र. 02 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (पार्क) बानापुरा सिवनी मालवा (शेष दुकान 02, 04, 05, 06, 07) | (2) 3.25x2.75 = वर्गमीटर<br>(5) 3.3x2.7= वर्गमीटर<br>(4) 3.3x2.8= वर्गमीटर<br>(6) 3.35x2.75= वर्गमीटर<br>(7) 3.4x2.65= वर्गमीटर | 495000/-<br>12375/-<br>510000/-<br>12750/- | दुकान क्र. 02 अनुसूचित जाति / जनजाति के लिये आरक्षित है | निविदा में प्राप्त प्रीमियम राशि के मूल्य का 2 प्रतिशत से अधिक / GST शासन नियमानुसार |
| | टेंडर क्रय करने की अंतिम तिथि | | 24/07/2025 18:00 PM | | | |

नोटः- निविदा प्रपत्र एवं अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी एवं संशोधन सम्बधित जानकारी म. प्र. शासन के ई निविदा पोर्टल वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर एवं शर्ते नगर पालिका सिवनी मालवा की राजस्व शाखा में कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।

1. ऐसे व्यक्ति जो निकाय सि.मा. के बकायादार है अथवा पूर्व में दुकानों का आवंटन एवं अनुबंध निष्पादन नही कराया है उनकी निविदा को निरस्त करने का अधिकार निकाय को रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा

## खबर संक्षेप



### पिछले 24 घंटों में जिले में 21.4 मि.मी. औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 21.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 8.6 मि.मी., टिमरनी में 78.8 मि.मी., खिरकिया में 6.4 मि.मी., सिराली में 13.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 93.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 94.5 मि.मी., टिमरनी में 108.6 मि.मी., खिरकिया में 126.6 मि.मी., सिराली में 90.4 तथा रहटगांव में 47.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 26 जून तक 88.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### दो हादसे में 2 लोगों की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** जिले में दो अलग-अलग हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेनगुड़ में हुई। बुधवार शाम को गांव के लोग एक डीपी को इंदिरा सागर बांध के बैक वाटर में डूबने से बचाने के लिए दूसरी जगह शिफ्ट कर रहे थे। शाम करीब 5 बजे भुजराम जुखारे (46) डीपी को चालू करने के लिए जंपर लगा रहे थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया। परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के एक बेटा और दो बेटियां हैं। दूसरी घटना में सीहोर जिले के भेरुंदा तहसील के ग्राम किशनपुरा निवासी अमन ऊईक (23) ने सल्फास खा लिया। बुधवार को वह माता-पिता से काम पर जाने की बात कहकर निकला था। सल्फास खाने के बाद उल्टियां होने पर परिजन उसे खातेगांव के सरकारी अस्पताल ले गए। गंभीर हालत में उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां रात साढ़े 11 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों के शवों का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### ट्रक माचक नदी में गिरा कोई जनहानि नहीं

**हरदा।** सिराली थाना क्षेत्र के रोलगांव के पास गुरुवार सुबह एक आइसर ट्रक माचक नदी में गिर गया। ट्रक इंदौर से सिराली व्यापारियों का फुटकर माल लेकर जा रहा था। घटना उस समय हुई जब ट्रक माचक नदी की पुलिया पर चढ़ने में असफल रहा। ड्राइवर ने ट्रक को दूसरे रास्ते से ले जाने के लिए रिवर्स लिया। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर नदी में पलट गया। नदी में पानी कम होने के कारण कोई जानहानि नहीं हुई। ड्राइवर और हेल्पर को मामूली चोट आई। रपटे की मरम्मत के लिए दिया गया था आवेदन कालकुण्ड के जनपद सदस्य मनीष गुर्जर ने बताया कि उन्होंने पहले ही कलेक्टर को पुल के दोनों तरफ के रपटे की मरम्मत के लिए आवेदन दिया था। बारिश में मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ी दुर्घटना की आशंका है।

### खाद की बोरी आई थी 500 लेने पहुंचे 600 किसान

**झिरन्या।** समीपवर्ती आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था आभापुरी में यूरिया का खाद लेने के लिए किसान परेशान हो रहें हैं। वहां बुधवार को सुबह 10 बजे से ही करीब 600 किसानों की भीड़ आ गई थी। जबकि संस्था में 500 बोरी खाद का ही स्टाक था,फिर भी किसान शाम 6 बजे तक लाइन में खड़े हुए थे। बताया जाता है कि इस वर्ष भी यूरिया खाद की किल्लत बनी हुई है और वे बोवनी के लिए खाद के लिए भटक रहें। लेकिन उन्हें शाम तक खाद नहीं मिल पा रहा है और वे निराश ही घर लौट रहें थे। सामाजिक कार्यकर्ता विजयसिंह गौड़ ने उक्त अव्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला सहकारी बैंक खरगोन के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही एवं चुप्पी पर नाराजगी प्रकट की है। उन्होंने शीघ्र ही खाद आपूर्ति में वृद्धि और वितरण-व्यवस्था सुधारने की मांग की है,ताकि किसानों को परेशानियों से राहत दिलाई जा सके।

---

### सभी अधिकारी अपने दायित्वों को शतप्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें

# पेयजल पाइप लाइन के कारण जो सड़कें खुदी हुई है, उन्हें रिपेयर करें: मंत्री उइके



दिशा की बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्य मंत्री एवं क्षेत्रिय सांसद दुर्गादास उइके की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि अपने विभागीय दायित्वों का निर्वहन शतप्रतिशत निष्ठा एवं गुणवत्ता के साथ करें। उन्होने कहा कि जिले के आदिवासी अंचलों में जनजाति बहुल क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये ग्रामीणों को हर संभव मदद करें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेड़िया, अध्यक्ष नगर पालिका टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, अध्यक्ष नगर पंचायत सिराली अनिता अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष खिरकिया रानू दशरथ पटेल, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री श्री उइके ने बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के महाप्रबन्धक को सड़क निर्माण कार्यों की स्पॉट पर जाकर जांच करने तथा गुणवत्ता का ध्यान रखकर गति बढ़ाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री उइके ने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल योजनाएं पूर्ण करने के बाद ही पंचायत को हस्तांतरित की जाए और पेयजल पाइप लाइन के कारण जो सड़कें खुदी हुई है, उन्हें तत्काल रिपेयर कराया जाए। उन्होने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु में दुषित पेयजल से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बीमारी फैलने की संभावना रहती है। अतः जल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन किया जाए। केन्द्रीय मंत्रीउइके ने बैठक में मनरेगा के कार्या में मजदूरी का भुगतान समय पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण व शहरी पीएम आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि पूरा विभागीय अमला लगकर कार्य करें ताकि 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इस दौरान टिमरनी नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पीएम आवास में पुरानी रजिस्ट्री में नामांतरण व बंटवारा में दिक्कत आती है, जिस पर उन्होंने कलेक्टर श्री जैन को निर्देश दिए कि नामांतरण व बंटवारा सहज और सरलीकरण करें ताकि आम नागरिकों को सुविधा हो। मंत्री ने महिला एवं बाल विकास की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में कम लक्ष्य पर नाराजगी जाहिर की एवं जल्दी-जल्दी से लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आंगनवाड़ी जर्जर भवन में संचालित न हो। बैठक में मंत्री उइके ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य भी समीक्षा की और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन ग्रामों में नेटवर्क के अभाव में पंजीयन कार्य नहीं हो पाता है, वहां के ग्रामीणों को नेटवर्क क्षेत्र वाले गांवों में लाकर विशेष शिविर आयोजित कर उनके पंजीयन कराएं व उनके आयुष्मान कार्ड बनवाएं। मंत्री श्री उइके ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कृषि विभाग से संबंधित केन्द्र की सभी योजनाओं का मुनादी तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि कोई भी किसान शासन की योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

#### लोगो का विमोचन किया



केन्द्रीय मंत्री डी.डी. उइके ने बैठक के पश्चात स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत जिले के लिये तैयार किये गये लोगो का विमोचन किया। उन्होने सभी नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी करने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जैन ने केन्द्रीय मंत्री श्री उइके को जिले में एक जिला एक उत्पाद के तहत निर्मित बांस के उत्पाद भेंट किये।

---

### बिना अनुमति ले जा रहे थे

## जिले के बाहर उर्वरक को ले जाने पर एफआईआर दर्ज



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार गुरूवार को कृषि विभाग द्वारा मेसर्स एग्रो सर्विस सेंटर हरदा के प्रोपराटर जयप्रकाश नारायण राठी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत पुलिस थाना कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि वरिष्ठ विकास अधिकारी विकासखंड पिपरिया, जिला नर्मदापुरम द्वारा दूरभाष पर सूचना दी गई कि, डी.ए.पी. उर्वरक के बैगों का एक ट्रक पलट गया है तथा यह वाहन आई.पी.एल. कंपनी के डी.ए.पी. उर्वरक से भरा हुआ है। दूरभाष पर मिली सूचना के आधार पर उर्वरक निरीक्षक, एवं टीम के साथ संबंधित के प्रतिष्ठान एवं भण्डारण स्थल पर अभिलेख की जांच कर, पंचनामा बनाया गया जिसमे मेसर्स एग्रो सर्विस सेन्टर-हरदा के प्रोप्रायटर श्री जयप्रकाश नारायण राठी के यहां निर्माता कंपनी इंडियन पोटाश लिमिटेड के उत्पाद डी.ए.पी. उर्वरक का बैच नंबर (01)-25/06, पाया गया है, जिसमें देयक में मेसर्स एग्रो सर्विस सेन्टर, नरसिंहपुर जिले को जारी किया गया है, जबकि डी.ए.पी. उर्वरक जिले के किसानों की आपूर्ति के लिये ही उपलब्ध कराया जाता है। उप संचालक श्री कास्दे ने बताया कि जिले में खरीफ मौसम के लिये उर्वरकों की अति आवश्यकता होने के बाद भी इनके द्वारा उर्वरक अन्य जिलो में परिवहन किया गया है, जो कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के खंड 7 का स्पष्ट उल्लंघन है।

#### कलेक्टर ने किया निरीक्षण

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को हरदा जिले के रैक पाईन्ट पर एच.यू.आर.एल. कम्पनी की 2700 मीट्रिक टन की यूरिया रैक का निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से रैक वितरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होने निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार 70 प्रतिशत शासकीय तथा 30 प्रतिशत निजी विक्रेताओं को यूरिया का वितरण किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने विपणन संघ एवं एम.पी. एग्रो के डबल लॉक केन्द्रों का निरीक्षण कर किसानों को वितरित की जा रही खाद व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उन्होने गोदाम प्रभारी एवं जिला अधिकारी को किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होने इस दौरान गोदाम के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को दिये। जिला विपणन अधिकारी योगेश मालवीय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### परिसर में एंबुलेंस का लोकार्पण

## विधायक के प्रयास से पुनासा के मूंदी अस्पताल को मिल गई नई एंबुलेंस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

सामाजिक दायित्व योजना के तहत विकासखंड पुनासा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी को नई एम्बुलेंस प्रदान की गई है। यह एम्बुलेंस मांधाता विधायक नारायण पटेल के प्रयासों से उपलब्ध कराई गई। गुरुवार को मूंदी अस्पताल परिसर में एम्बुलेंस का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर नारायण पटेल ने खंड चिकित्सा अधिकारी रविन्द्र मंडलोई को वाहन की चाबी सौंपी। नई एम्बुलेंस मिलने से क्षेत्रवासियों को आपातकालीन स्थिति में बड़ी राहत मिलेगी। मरीजों को आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध हो सकेंगी और अस्पताल प्रबंधन को भी गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं देने में सुविधा होगी। एम्बुलेंस से गांव और आसपास के क्षेत्रों से मरीजों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। इससे दुर्घटना या अन्य आकस्मिक स्थिति में मरीजों के जीवन को बचाने में मदद मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ और स्थानीय नागरिकों ने आभार जताया। एम्बुलेंस सुविधा से क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर आयोजन

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ किया जागरुक

**हरदा।** डॉन योजना के नशा मुक्ति अभियान के तहत गुरूवार को होलीफेथ हायर सेकंडरी स्कूल और ज्ञान गंगा हायर सेकंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नालसा डॉन योजना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य युवा व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता और कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होने नालसा नशा पीड़ितो को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया गया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला



प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है।

### वाटरप्रूफ डोम लगा रहे

## धूनीवाला आश्रम मंदिर के नवनिर्माण का भूमिपूजन 30 को, मंत्री शामिल होंगे

**खंडवा।** 30 जून को खंडवा स्थित धूनीवाला आश्रम मंदिर के नवनिर्माण का भूमिपूजन होगा। यह आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और आध्यात्मिक गुरु श्री रविशंकर उपस्थित रहेंगे।

आयोजन स्थल पर 25 हजार वर्गफीट क्षेत्र में वाटरप्रूफ डोम लगाया जा रहा है। मंच पर गादी और चादर बिछाकर अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। किसी प्रकार की सोफा या कुर्सी नहीं लगाई जाएगी। श्रद्धालु भी नीचे गादी पर बैठेंगे। मंच के लिए एक हजार वर्गफीट जगह मुख्यमंत्री के लिए और 800 वर्गफीट जगह संतों के लिए तय की गई है। श्रद्धालुओं को पंडाल में प्रवेश से पहले जूते-चप्पल बाहर उतारने होंगे। बारिश की संभावना को देखते हुए डोम के भीतर 23,500 वर्गफीट



क्षेत्र में 8 इंच मोटी प्लाई बिछाई जा रही है ताकि बैठने में कोई दिक्कत न हो। कार्यक्रम स्थल में बदलाव के चलते हरिहर भवन के सामने से 7 बिजली के पोल हटाए गए हैं। मंच का निर्माण बुधवार शाम तक पूरा कर लिया गया। मुख्यमंत्री अनाज मंडी से गेट नंबर-6 के रास्ते सीधे मंच पर पहुंचेंगे। इस बीच गुरु पूर्णिमा पर्व की तैयारियां भी चल रही हैं। हर साल यहां करीब 4 लाख श्रद्धालु जुटते हैं। श्रद्धालु धूनीमाई में नारियल और हवन सामग्री अर्पित करते हैं।

---

### स्वस्थ यकृत मिशन के तहत मेडिकल कॉलेज में किया गया कार्यक्रम

## नाटक व पोस्टर स्पर्धा से फैटी लिवर से बचाव का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा के एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने स्वस्थ यकृत मिशन के तहत जिला चिकित्सालय में नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फैटी लिवर से होने वाली हानियों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान फैटी लिवर के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट रंजीत बडोले ने बताया कि वसा युक्त यकृत रोग एक ऐसी स्थिति है जिसमें लिवर में अत्यधिक वसा जमा हो जाती है। यह स्थिति अधिक शराब सेवन, डायबिटीज, उच्च कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स के कारण हो सकती है। उन्होंने



बताया कि ऐसे मरीजों में थकान, पेट दर्द और कभी-कभी लिवर में सूजन जैसे लक्षण देखे जाते हैं। अगर इसे समय पर नियंत्रित नहीं किया गया तो यह यकृत की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में आरएमओ एम. कलमे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सर्पदंश से बचाव और उपचार पर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सलाह, वर्षा ऋतु में सर्पदंश की घटनाओं से बचाव को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने नागरिकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद पीड़ित व्यक्ति को दौड़ने या तेज चलने न दें और न ही खाने-पीने के लिए कुछ दें। सर्पदंश वाले स्थान पर सूजन आने पर जूते, अंगूठी, कलाई घड़ी, ब्रेसलेट या टाइट कपड़े तुरंत हटा दें। काटे हुए अंग को स्थिर रखें और किसी नुकीली चीज से न काटें और न ही मुंह से जहर चूसने का प्रयास करें। सर्पदंश के बाद शीघ्र सरकारी अस्पताल पहुंचकर योग्य चिकित्सक से उपचार कराएं और झाड़फूंक का प्रयास न करें।

### तेज बारिश से किसानों को राहत, सड़कों पर पानी भरा

**खंडवा।** गुरुवार दोपहर बाद खंडवा शहर और आसपास के इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे पहले पूरे दिन उमस बनी रही थी। बारिश से मौसम ठंडा हो गया और कई जगह सड़कों पर पानी भर गया। इस बारिश से उन किसानों को राहत मिली है जिन्होंने समय



से पहले बोवनी कर दी थी। मोरटक्का सहित आसपास के क्षेत्रों में मानसून की पहली अच्छी बारिश दर्ज की गई। बीते एक सप्ताह से सिर्फ हल्की फुहारें हो रही थीं, जिससे किसान चिंतित थे। गुरुवार की बारिश से खेतों में नमी आ गई और फसलें लहलहाने लगीं। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे तक जिले में रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना है। अरब सागर की ओर से मौसम सक्रिय है, जिससे नदी-नाले उफान पर आ सकते हैं। बारिश को देखते हुए नगर निगम ने निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है ताकि निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित न हो। जिला पंचायत में हुई इंजीनियरों की बैठक में निर्देश दिए गए कि बारिश के दौरान सभी पक्के निर्माण कार्य बंद रखे जाएं। गुरुपूर्णिमा पर यदि मौसम साफ रहा तो सड़कों का पेंचवर्क किया जाएगा।

---

### कलेक्टर के निर्देश

## बिना फिटनेस के संचालित की जा रही स्कूल बस जब्त की



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गा पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को चेकिंग अभियान के दौरान बिना फिटनेस संचालित 1 स्कूल बस को जप्त कर कार्यालय में खड़ा किया गया एवं 1 ट्रक का 7674 रूपये बकाया टैक्स जमा कराया गया। साथ ही अन्य वाहनों पर मोटयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर 7 हजार रूपये समन शुल्क वसूला गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

### पंधाना विधायक के प्रयास रंग लाए, शुभारंभ पूजन कर किया

# 13 वर्षों बाद फिर गूंजी छैगांव माखन उपमंडी में आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

13 वर्षों से बंद पड़ी छैगांव माखन उपमंडी आखिरकार पंधाना विधायक छाया गोविंद मोरे के प्रयासों से फिर से प्रारंभ हो गई। गुरुवार सुबह उपमंडी का शुभारंभ पूजन कर किया गया। विधायक छाया गोविंद मोरे लंबे समय से उपमंडी को प्रारंभ कराने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री, मध्यप्रदेश शासन की कृषि मंत्री आदि को पत्र लिखकर मांग कर रही थीं। मंडी के अधिकारी-कर्मचारी काम अधूरा बताकर मंडी प्रारंभ करने में टालमटोल कर रहे थे। इसके बाद विधायक ने विधानसभा सत्र में प्रश्न लगाकर उपमंडी की जानकारी मांगी। अधिकारी-कर्मचारियों ने समस्त जानकारी भोपाल भेजी और आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत



की। विधायक के प्रयासों से उपमंडी का शुभारंभ संभव हो सका। शुभारंभ के दिन 40 से 50 किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे। उपज का उचित दाम मिलने से किसान संतुष्ट नजर आए और उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष महेंद्र सिंह सावनेर, पंधाना जनपद अध्यक्ष सुमित्रा काले, जितेंद्र सिंह मंडलोई, मुकेश पटेल, राजेश पटेल, महिला मंडल अध्यक्ष शिवकन्या सिसोदिया, महिला मंडल पूर्व महामंत्री उमाबाई कुशवाह, पंधाना मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, मंडल उपाध्यक्ष शिवनारायण कुशवाह, मंडल महामंत्री संतोष हिरवे, मंडल महामंत्री राजेश पटेल, हरिराम कुशवाह, तहसील किसान संघ अध्यक्ष दिनेश महाजन, नरेंद्र पटेल, मंडी सचिव ओपी खेड़े उपस्थित थे।

### झिरनिया नहर सिंचाई परियोजना से छूटे 12 गांवों को जोड़ने प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के आदेश

पंधाना विधायक छाया मोरे ने किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए खंडवा झिरनिया नहर सिंचाई परियोजना से छूटे हुए 12 गांव को जोड़ने के लिए लगातार प्रयत्नशील थी। इसी का परिणाम रहा कि 12 गांवों जैसे कि कालंका, नानखेड़ा, गाड़ाघाट, जामला, खारी, गोडियाबाबा, घाटीखास, गोल इमली, काल्यावाड़ी, देवनालिया, उदयपुर शामिल हैं जिन्हें खंडवा झिरनिया नहर परियोजना से जोड़ने के लिए प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग भोपाल द्वारा मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग इंदौर को पत्र लिखकर प्रस्तावित सिंचाई परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए भी बताया गया है। इन छूटे हुए गांव का नहर परियोजना से जुड़ने से किसानों को फायदा मिलेगा।